न्यूनतम 25.0°c अधिकतम 34.7°c

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:07, सूर्यास्त - 6:15 | वर्ष : 53/अंक : 263 मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

कोई कुछ भी बोले स्वयं को शांत रखो, क्योंकि धूप कितनी भी तेज हो समुद्र को नहीं सुखा सकती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

खड़गे को कर सुधार के बारे में जानकारी नहीं है, कांग्रेस में सरकार के इस कदम से खलबली है : प्रवीण खंडेलवाल



आम जनता को लाभ हो चाहे..... हमको तो बस विरोध करना है........

# एसएसपी ने प्रेमी को लगाई फटकार तो प्रेमी हुआ शादी को तैयार

**मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)।** प्रेम प्रसंगों में आएं दिन एक दूसरे को धोखा देने और शादी का झांसा देने के मामले आएं दिन सामने आते है, जिनके समाधान बड़ी मुश्किल से हों पाते है। इन मामलों में शारीरिक शोषण तक के आरोप लगते है, मगर कभी कभी प्रेमिका को उसका प्रेमी प्रशासन की कड़ी खुराक से वापस मिल जाता है। ऐसा ही एक मामला मुजफ्फरनगर में सामने आया। जब बुलंदशहर की युवती एसएसपी संजय कुमार वर्मा के पास गुहार लेकर पहुंची और बताया कि मंसूरपुर के एक युवक ने उसके साथ प्रेम प्रसंग चला रखा है। युवती का बताना है कि चार साल पहले बस में मिलने के बाद दोनों की एक दूसरे से आंखे चार हो गई। प्रेमिका ने बताया की उसका प्रेमी मंसूरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला अमन पुत्र राकेश निवासी टॉवर वाली गली का है चार साल प्रेम प्रसंग के चलने के बाद अब दोनों बालिग हो चुके है। अब जब प्रेमिका ने अमन को विवाह के लिए कहा तो



अमन के परिवार के लोगों ने शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़ित प्रेमिका ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए दुःखी मन से कहा कि यदि मेरा अमन से विवाह न हुआ तो वह आत्महत्या कर लेगी। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मंसूरपुर थाने को फोन लगाया और सख़्त लहजे में प्रेमी अमन के परिजनों को कड़ी खुराक दी। कड़ी खुराक के बाद हाथों हाथ खुराक का असर हुआ और एलोपैथिक दवाई से भी तेज एसएसपी की खुराक ने असर किया और घंटों नहीं मिनटों नहीं पूरा परिवार प्रेमीयुगल का विवाह कराने के लिए तैयार हो गया। बताया जाता है कि जल्द ही दोनों का विवाह संपन्न होगा जिसका पूरा श्रेय एसएसपी संजय कुमार वर्मा को स्वयंम प्रेमिका ने दिया है। प्रेमिका का कहना है कि वह बहुत थानों में गई मगर किसी ने कोई सुनवाई नहीं की। और मुजफ्फरनगर एसएसपी के एक फोन से ही प्रेमी व उसका परिवार चट मंगनी पट ब्याह के लिए तैयार हो गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय से 14 वर्षीय छात्र लापता, परिजनों का हंगामा

**मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। थाना तितावी के बघरा क्षेत्र ने स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय से कक्षा 9 का छात्र आर्यन रविवार को अचानक लापता हो गया। इसकी सूचना मिलने पर परिवार के लोग ग्रामीणों के साथ विद्यालय में पहुंचे और जमकर हंगामा किया। परिजनों ने विद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाकर कई गंभीर आरोप भी लगाएं गए। हंगामे की सूचना पर मौके पर आयी पुलिस ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।**

**क्षेत्र के गांव अलीपुरकलां निवासी आतिश कुमार ने जानकारी देते हुए**



**बताया कि 14 वर्षीय बेटा आर्यन कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा में 9 में पढता है। परिजनों ने बताया कि आर्यन का एडमिशन वर्ष 2022 में विद्यालय में कक्षा 6 में हुआ था। वर्तमान में वह कक्षा में 9वीं में पढ रहा है। दो माह की छुट्टिया पूरी कर आर्यन कुछ दिन पहले ही विद्यालय में पहुंचा था। उन्होंने बताया कि आर्यन का एक अन्य छात्र से सीट पर बैठने को लेकर विवाद हुआ था। इस बात पर प्रिंसिपल ने उसे डांट दिया था। उसके बाद से आर्यन लापता हो गया। बेटे के लापता होने की सूचना मिलने पर परिजनों ने तुरंत स्कूल प्रशासन से संपर्क किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस घटना से नाराज ग्रामीणों व परिजनों ने स्कूल प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने मामले में लापरवाही बरती। परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन भी किया। एसपी देहात आदित्य बंसल का कहना कि छात्र आठवी कक्षा से ही स्कूल में पढना नहीं चाहता था। एक छात्र से विवाद होने पर आर्यन विद्यालय की दीवार कूदकर चला गया। थाने पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी गयी है।**

## नवरात्र पर सरकार का इतिहासिक फैसला, 25 लाख लोगों को फ्री मिलेगा एलपीजी कनेक्शन

**नई दिल्ली, 22 सितम्बर (एजेंसी)।** पहले जीएसटी में रियायत और अब मोदी सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार नवरात्र के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 25 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन बांटेगी। इसके साथ ही देशभर में उज्ज्वला लाभार्थियों की कुल संख्या बढ़कर 10.6 करोड़ हो जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को सरकार प्रत्येक कनेक्शन पर 2,050 रुपये खर्च करेगी, जिसमें एक मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, गैस चूल्हा, रेगुलेटर और अन्य संबंधित उपकरण शामिल होंगे। इसे महिलाओं के लिए नवरात्र का उपहार बताते हुए पुरी ने कहा कि उज्ज्वला का विस्तार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। मंत्री ने इस योजना की सराहना सशक्तिकरण के प्रतीक और परिवर्तन के स्त्रोत के रूप में भी की।

## त्रिपुरा में हुई सीआरपीएफ जवान की मौत

### पैतृक गांव में हुई राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)।** त्रिपुरा के अगरतला में तैनात मुजफ्फरनगर के सोंटा गांव निवासी सीआरपीएफ सहायक उप निरीक्षक विनोद का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। सीने में अचानक तेज दर्द के बाद उन्हें सैन्य अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। धीमान पिछ्ले 20 वर्षों से सीआरपीएफ में सेवारत थे। वे त्रिपुरा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा में तैनात थे। परिवार के अनुसार वे स्वस्थ रहते थे, लेकिन तनावपूर्ण ड्यूटी ने उनकी सेहत पर प्रभाव डाला। तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर सोमवार सुबह मंसूरपुर थाना क्षेत्र के सोंटा गांव पहुंचा। सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। धीमान के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा गाजियाबाद में पढ़ाई कर रहा है। छोटा बेटा सोंटा में रहता है। उनकी पत्नी और बुजुर्ग माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार वो धीमान गांव के गौरव थे और हमेशा मदद के लिए तत्पर रहते थे। सीआरपीएफ की टुकड़ी ने शहीद के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर गांव पहुंचाया। अंतिम संस्कार से पहले राजकीय सम्मान दिया गया। जिसमें राइफल सलामी और वीरता पुरस्कार की घोषणा हुई। गांव के श्मशान घाट पर सैकड़ों लोग उमड़े। सीआरपीएफ अधिकारी ने कहा, ह्वविनोद जैसे जवान राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित थे। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। अंतिम संस्कार में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, सपा के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा, नरेश धीमान समेत कई गणमान्य व्यक्ति पहुंचे।



सुधीर सैनी ने कहा, विनोद का बलिदान राष्ट्र के लिए प्रेरणा है। सरकार शहीद परिवार को हर संभव मदद देगी। राकेश शर्मा ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

## बस ने बाइक को मारी भीषण टक्कर, बाइक सवार गंभीर

### पुलिस ने मामला किया दर्ज, बस को कब्जे में लेकर ड्राइवर को हिरासत में लिया

**मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (एजेंसी)।** देर शाम तकरीबन 8 बजे खालापार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले मिनाक्षी चौक भारत पेट्रोल पंप के पास एक बस ने युवक को भीषण टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक की खराब हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी खराब हालत को देखते हुए मेरठ रैफर कर दिया गया। आपको बता दें कि युवक की हालत यह थी कि जिला अस्पताल के एमरजेंसी में हर तरफ खून बिखरा हुआ था। बताया जा रहा था कि युवक के पेट से नीचे के भाग पर गंभीर चोट आई हुई थी। फिलहाल खालापार पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घायल युवक की पहचान ताज पुत्र आसिफ निवासी सरवट मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घायल युवक स्पलेंडर पर जा रहा था तभी मिनाक्षी चौक के पास एक बस ने ताज के तेज टक्कर मार दी। टक्कर से युवक बहुत बूरी तरह से घायल हो गया। इतने में घटना स्थल पर भारी भीड इकट्ठी हो गई। मौके पर खालापार पुलिस चौकी की टीम पहुंची। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया और बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार जिला अस्पताल की और से घायल युवक को मेरठ अस्पताल रैफर किया गया था लेकिन बाद में परिवार के लोग



आपसी सहमति से घायल युवक की स्थिति को देखते हुए प्राइवेट अस्पताल ले गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी फिलहाल पुलिस ड्राइवर से पूछताछ कर रही है।

## बुढ़ाना के मोनू खटीक हत्याकाण्ड मामले में गवाह को जान से मारने की धमकी मिली

**मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)।** बुढ़ाना के मोनू खटीक हत्याकांड मामले में एक ओर नया मोड़ उस समय सामने आया जब हत्याकांड के मुख्य गवाह पप्पू उर्फ फिरोज ने एसएसपी संजय कुमार वर्मा को लिखित शिकायत पत्र सौंपा। पीड़ित गवाह का आरोप है कि हत्याकांड के आरोपी इसरार के परिजन उसे गवाही बदलने का दबाव दे रहे है। जबकि इसरार के चाचा वाजिद, भाई अनवर, भतीजा लीला और दो अन्य लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित ने मारपीट कर कोरे कागजों पर जबरन हस्ताक्षर कराएं जाने की भी जानकारी एसएसपी को दी। घटना की जानकारी पीड़ित ने खतौली सीओ को भी दी थी। जिसके बाद कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित के द्वारा सोमवार को वह एसएसपी कार्यालय पहुंचा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा को शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत में वाजिद, अनवर, लीला और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ आपराधिक धमकी और मारपीट का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। आपको बता दे कि, एक माह पहले कर्बला रोड पर मोनू खटीक को चोर समझकर पीटा गया था। इस पिटाई से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इसरार और फरीद को मुख्य आरोपी बनाया था। घटना के समय मौजूद पप्पू ने आरोपियों के खिलाफ मजबूत बयान दिया था। अब आरोपी के परिजन इसी गवाह को डरा-धमका रहे हैं। पप्पू ने बताया कि आरोपी पक्ष के लोगों ने खतौली गंग नहर के पास उसे घेर लिया। उन्होंने धमकी दी कि अगर बयान नहीं बदला तो मोनू जैसा हाल करेंगे। पप्पू का कहना है कि जबरन लिए गए हस्ताक्षर का गलत इस्तेमाल हो सकता है।

### ओम प्रकाश राजभर की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल लेकर पहुंचे ब्रजेश पाठक

**लखनऊ, 22 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की रविवार को अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद ओम प्रकाश राजभर को लखनऊ के गोमती नगर स्थित मेदांता अस्पताल में एडमिट कराया गया है। जानकारी के अनुसार, उन्हें अचानक ब्लड प्रेशर से और हार्ट से जुड़ी कुछ परेशानी महसूस हुई, जिसके बाद उनके घर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल हो गया, जैसे ही ओम प्रकाश राजभर की बिगड़ी तबियत की खबर यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को मिली तब वो तुरंत उनका हालचाल जानने के लिए उनके घर पहुंचे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ओम प्रकाश राजभर के स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए डॉ० राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचे। डिप्टी सीएम ने एक्स पर जानकारी दी कि आज मा० मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ओम प्रकाश राजभर की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर उन्हें तुरंत डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया।

## टोल मैनेजर की हत्या के मामले में एसएसपी ने छपार थाना प्रभारी को किया लाइन हाजिर

**मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु)।** मुजफ्फरनगर में टोल कर्मियों द्वारा डिप्टी मैनेजर की हत्या के बाद एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने छपार थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले हत्या के बाद 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उक्त मामले में यह माना गया कि पुलिस निष्क्रियता के चलते युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। यदि पुलिस समय पर जाग जाती और मामले की गंभीरता को समझती तो शायद मृतक टोल डिप्टी मैनेजर की जान बच सकती थी। फिलहाल छपार थाना प्रभारी को गंभीर लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर किया गया और साथ ही साथ छपार थाने की कमान अब तितावी थाने एसएसआई को सौंपी गई। एसएसपी द्वारा जिले के अन्य थानों में भी बदलाव किया गया है। भूपा थाने का प्रभार मनीष कुमार को दिया गया है। वहीं नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के टीपी नगर चौकी प्रभारी मोहित सिंह को एसओजी प्रभारी के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है। कुल 7 उपनिरिक्षकों का तबादला किया गया है और एसएसपी ने कहा कि विभागीय अनुशासन बनाये रखने और जनता में भोरसा कायम रखने के लिये किसी भी स्तर पर लापरवाही बरदासत नहीं की जाएगी। आपको बता दें कि गुरूवार रात्रि शराब पीने से रोकने पर टोलकर्मी शुभम चौधरी व शिव मलिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर टोल मैनेजर मुकेश चौहान व डिप्टी टोल मैनेजर अरविंद पांडेय को टोल के गेस्ट हाउस में घुसकर पहले लाठी डंडों से मारपीट की और उसके बाद आरोपी डिप्टी टोल मैनेजर गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर अपने साथ ले गए। आरोपियों ने डिप्टी टोल मैनेजर के साथ पहले मारपीट की और उसके बाद चाकुओं से गोदकर उसकी हत्या करने के पश्चात शव को मेरठ के जानी थाना क्षेत्र में चलती कार से फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डिप्टी टोल मैनेजर की अपहरण कर हत्या के मामले में छपार पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगे थे। जांच में सामने आया कि मारपीट व अपहरण के मामले की सूचना रात्रि में डायल 112 को दी गयी थी, लेकिन छपार थाना प्रभारी मौके पर नहीं पहुंचे। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने इस मामले में छपार थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर तितावी थाने के एसएसआई मोहित कुमार को छपार थाना प्रभारी बनाया है। वहीं एसएसपी छपार थाने के कस्बा चौकी इंचार्ज शुभम त्यागी का रतनपुरी थाने व दरोगा रजत सिंह का फुगाना थाने में स्थानांतरण किया है।






## नशे तस्कर अफीम के बीज, डोडा पोस्त चूर्ण व 23 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)।** ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत तितावी पुलिस ने ढाबे से एक नशे के तस्कर को अफीम के बीज, डोडा पोस्त चूर्ण व 23 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया गया है। एसपी देहात ने बताया कि तितावी पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र में एक ढाबे से तस्कर हरपाल निवासी अलीपुर कलां मूल निवासी तम्बूवाला थाना खलचिया जनपद अमृतसर पंजाब का रहने वाला है जिसको गिरफ्तार पुलिस ने आरोपी के पास से 5.8 किलो डोडा पोस्त चूर्ण, 2.6 ग्राम अफीम के बीज व 23 हजार रुपए नगद बरामद किए है। आरोपी पर पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने उसका चालान कर जेल भेज दिया है।

## मार्को रुबियो और एस जयशंकर की मुलाकात आज, ट्रंप के टैरिफ लागू होने के बाद पहली बैठक, सुधरेंगे अमेरिका-भारत सम्बन्ध

**नई दिल्ली, 22 सितंबर (एजेंसी)।** विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर की अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात होने जा रही है। दोनों नेता सोमवार को न्यूयॉर्क में द्विपक्षीय बैठक करेंगे। यूएस एडवाइजरी की ओर से जारी बयान में अमेरिका और भारत के विदेश मंत्रियों की बैठक की जानकारी दी गई है। भारत और अमेरिका के बीच चल रही तनातनी के मद्देनजर इस बैठक पर दोनों देशों के लोगों की नजर है। दोनों नेताओ के बीच टैरिफ और दूसरे द्विपक्षीय मुद्दों पर बात होगी। उम्मीद की जा रही है कि तनाव की वजह बने मुद्दों का हल इस बैठक से निकल सकता है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के इतर विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बैठक होगी। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू किए जाने के फैसले के बाद एस जयशंकर की मार्को रुबियो से यह पहली मुलाकात है। टैरिफ का फैसला दोनों देशों में तनातनी की वजह बना है। जयशंकर ने इससे पहले 30 जून से 2 जुलाई तक रुबियो के निमंत्रण पर अमेरिका का दौरा किया था। एस जयशंकर और मार्को रुबियो की मुलाकात उसी दिन हो रही है, जिस दिन भारत और अमेरिका के बीच अमेरिका में व्यापार वार्ता शुरू हो रही है। सोमवार से भारत और अमेरिका के बीच वॉशिंगटन में व्यापार पर मंत्रिस्तरीय वार्ता होनी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका पहुंचे हैं।दोनों पक्ष मतभेद दूर करते हुए लाभकारी व्यापार समझौते की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेंगे। भारत और अमेरिका के संबंध हालिया महीनों में लगातार नीचे आए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के इस साल जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद से ही दिल्ली और वॉशिंगटन के रिश्ते में गिरावट है। भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई तक हुए सैन्य संघर्ष पर ट्रंप की मध्यस्थता के दावे से दोनों देशों के रिश्तों में तनातनी की शुरूआत हुई। ट्रंप ने सीजफायर कराने का दावा किया, जिसे भारत ने खारिज कर दिया।




## 'रामभद्राचार्य कोई संत नहीं, ये उनके कर्मों का फल, चंद्रशेखर आजाद का बड़ा हमला

**अयोध्या, 22 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी के अयोध्या में रविवार को फॉरएवर लॉन में आयोजित 16वें प्रबुद्ध सम्मेलन में नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण ने मंच से बड़ा बयान देते हुए जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'मैं जगदुरु रामभद्राचार्य को संत नहीं मानता, सनातन परंपरा में लिखा है कि जैसे कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा। उनकी आंखें नहीं हैं तो यह उनके कर्मों का परिणाम है, इसमें मेरा कोई अपराध नहीं है।' रावण ने आरोप लगाया कि रामभद्राचार्य संविधान को नहीं मानते। उन्होंने कहा, 'जब वो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को नहीं मानते तो हमें क्यों मानना चाहिए? यह देश संविधान से चलता है, प्रधानमंत्री भी संविधान को माथे पर लगाते हैं, जिसे संविधान से दिक्कत है, वह देश में रहने के लायक नहीं।' अयोध्या के कुछ संतों द्वारा उनके प्रवेश पर आपत्ति जताए जाने पर नगीना सांसद ने खुला चैलेंज देते हुए कहा कि भारत का संविधान उन्हें पूरे देश में जाने और अपनी बात रखने का अधिकार देता है। 'जिन्हें लगता था कि मुझे अयोध्या में घुसने नहीं देंगे, वो सामने आएं, मैं अयोध्या की धरती पर मौजूद हूं। सभा में जुटी भीड़ को देखकर चंद्रशेखर आजाद रावण ने 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी पिछड़े वर्ग की राजनीति को नया आयाम देगी और 50 प्रतिशत सीटें पिछड़े वर्ग को दी जाएंगी। युवाओं से उन्होंने आह्वान किया कि अगले 17-18 महीनों तक चैन की नींद न सोएं और गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा फैलाएं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन विस्तार परियोजना पर भी सरकार को घेरा। उनका आरोप था कि अनुसूचित जाति के लोगों की सबसे अधिक जमीनें अधिग्रहित की गईं, 150 से ज्यादा मकान तोड़े गए, न मुआवजा मिला और न पुनर्वास। गरीबों की जमीनें औने-पौने दामों में खरीदकर उद्योगपतियों को देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने इसे भ्रष्टाचार और शोषण की पराकाष्ठा बताया।

## डीजल-पेट्रोल से भरा टैंकर डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलटा

**मीरापुर, 22 सितम्बर (बु.)।** नजीबाबाद डिपो से डीजल व पेट्रोल लेकर मुजफ़्फ़रनगर की तरफ जा रहा एक टैंकर मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर ज्ञानस्थली स्कूल के सामने डिवाइडर से टकराकर पलट गया। जिससे टैंकर में भरा डीजल व पेट्रोल सड़क पर दूर तक फैल गया। जिससे आग लगने का खतरा बन गया।लोगों ने फ्री के चक्कर में जान को खतरे में डालकर सड़क पर बिखरे डीजल-पेट्रोल को बर्तन में भरना शुरू कर दिया। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से भीड़ को फटकार कर राजमार्ग पर दोनों तरफ से आने जाने वाले वाहनों को रूकवा दिया। करीब एक घंटे बाद टैंकर सीधा कराकर यातायात को वन वे कराकर सुचारू कराया गया। मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड ने हादसा बचाने के लिए केमिकल युक्त पानी का छिड़काव किया। सोमवार की देर शाम एक चालक नजीबाबाद डिपो से टैंकर में 6 हजार लीटर डीजल व 6 हजार लीटर पैट्रोल लेकर मुजफ्फरनगर जा रहा था। जैसे ही इसका टैंकर मीरापुर में दिल्ली-पौडी राजमार्ग पर ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के सामने पहुँचा तो यहां बने डिवाइडर से टकराकर टैंकर सड़क पर पलट गया। तेज धमाके की आवाज से लोग सहम उठे। गनीमत रही कि बडा हादसा



नहीं हुआ। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। टैंकर पलटने के बाद उसमें भरा हुआ डीजल व पेट्रोल सड़क पर दूर तक बिखर गया, जिससे आग लगने का खतरा बढ़ गया।फ्री के डीजल व पेट्रोल के चक्कर मे आसपास के लोग अपनी जान को खतरे में डालकर बर्तन में सड़क पर बिखरा तेल भरकर ले जाने लगे। मौके पर पहुँची पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से भीड़ को खदेडा तथा राजमार्ग पर दोनों ओर का यातायात रूकवा दिया तथा फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर आयी फायर ब्रिगेड की टीम ने टैंकर पर केमिकल युक्त पानी का छिडकाव किया तथा क्रेन की मदद से टैंकर सीधा कराया। ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते पुलिस ने आसपास के रेस्टोरेंट की लाइट बंद करा दी तथा किसी भी वाहन को राजमार्ग से गुजरने नहीं दिया। टैंकर हटने के बाद पुलिस व आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

### हादसों के बाद भी नहीं लगे रिफ्लेक्टर

मीरापुर के मोंटी तिराहे व सैनी भट्टा तिराहे पर डिवाइडर बने हुए हैं। सर्दी के मौसम में घने कोहरे के कारण यहां पर प्रतिदिन हादसे होते रहते हैं। पूर्व में भी नागरिकों ने डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर व सांकेतिक बोर्ड लगवाने की मांग की थी किन्तु आज तक सुनवाई नहीं हुई। एनएचएआई के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यहां होने वाले हादसों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

## 23 महीने बाद जेल से बाहर आएंगे आजम खान! कल सुबह 7 बजे रिहाई तय, दर्ज हैं 104 मुकदमे

**प्रयागराज, 22 सितंबर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान मंगलवार सुबह सीतापुर जेल से रिहा होंगे। वे करीब 1 साल 11 महीने 4 दिन (कुल 23 महीने) जेल में बंद रहे। उनकी रिहाई के बाद उत्तर प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। आजम खान को सोमवार को ही जेल से रिहा होना था, लेकिन पांच बेल ऑर्डर देर से जेल प्रशासन तक पहुंचे। प्रशासन ने केस नंबर, धाराएं, नाम-पते और अन्य विवरण को रिकॉर्ड से मिलान किया। इस प्रक्रिया में देरी के चलते आजम को सोमवार को बाहर नहीं लाया जा सका। अब मंगलवार सुबह सात बजे उनकी रिहाई तय है। आजम खान के वकील इमरानुल्लाह ने कहा कि पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में हाल ही में नई धाराएं (कढउ 467, 471, 201) जोड़ी हैं। लेकिन इनमें अब तक उनकी कस्टडी नहीं ली गई है। ऐसे में रिहाई संभव है। उनका कहना है कि यह सब राजनीतिक साजिश है और सबूतों की कमी के कारण आजम खान को लगभग



सभी मामलों में जमानत मिली है। फरवरी 2020 में गिरफ्तारी के बाद आजम खान को रामपुर जेल भेजा गया था। बाद में उन्हें सुरक्षा कारणों से सीतापुर जेल शिफ्ट किया गया। मई 2022 में वे जमानत पर बाहर आए, लेकिन अक्टूबर 2023 में एक मामले में सजा होने पर उन्होंने सरेंडर कर दिया। तब से वे सीतापुर जेल में ही बंद हैं। आजम खान के खिलाफ कुल 104 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से 93 केवल रामपुर में हैं। 12 मुकदमों में फैसला आ चुका है। कुछ मामलों में वे दोषी ठहराए गए जबकि कुछ में बरी हुए। इसी तरह उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ भी कई केस दर्ज हैं। पूरे परिवार पर अब तक 165 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। 2022 में भड़काऊ भाषण देने के मामले में कोर्ट ने आजम खान को दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी विधायकी चली गई। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अधिकारियों पर अपमानजनक टिप्पणी करने के केस में उन्हें तीन साल कैद और जुमार्ने की सजा भी हुई। आजम खान सपा के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं। वे चार बार कैबिनेट मंत्री बने और नगर विकास, जल आपूर्ति, शहरी रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन जैसे कई अहम विभाग संभाले। मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले आजम खान ने सपा का कभी साथ नहीं छोड़ा, लेकिन अब उनकी रिहाई के बाद सियासी समीकरण बदलते दिख रहे हैं।

**आजम खान 23 को जेल से बाहर आने के बाद कई सवाल हैं जो अब सपा के कार्यकताओं को सता रहा है। जैसा कि आजम खान सपा के कद्दावर मुस्लिम नेता हैं। परंतु कहीं ना कहीं जबसे वो जेल में रहे तो कहीं ना कहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें दरकिनार कर दिया था। ऐसा माना जाता है कि आजम खान अखिलेश के पिता मुलायम सिंह के खासमखास माने जाते थे। परंतु पुत्र अखिलेश के इस व्यवहार से कहीं ना कहीं उनकी पार्टी के प्रति दूरीयां पैदा हो गई थी। अगर ऐसे में अगर अखिलेश आजम को मना लेते हैं तो सही है लेकिन कहीं आजम खान पार्टी छोड़ देते हैं या मुस्लिम समाज से कोई अपील कर देते हैं तो सपा की मुश्किलें 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में बढ़ सकती हैं।**



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## कांग्रेस के कार्यकर्त्ता कन्फ्यूज

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी की सियासत को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्त्ता कन्फ्यूज हैं। उन्हें पता नहीं चल रहा है कि राहुल गांधी कांग्रेस को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। दूसरी तरफ भाजपा के कार्यकर्त्ता हैं, जो अपने नेता की कार्यशैली से उत्साहित हैं, उन्हें पता है कि उनके नेता पार्टी को और देश को प्रगति के पथ ले जा रहे हैं। राहुल गांधी की बातों को देश तो गंभीरता से लेता ही नहीं, अब कांग्रेस के नेता भी मायूस हो चले हैं। कई बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं और कई नेता अलग-थलग पड़ चुके हैं। चैनलों पर कांग्रेस के प्रवक्ताओं की किरकिरी होती ही रहती हैं, वे राहुल के वक्तव्यों का बचाव करते-करते खुद परेशानी में पड़ जाते हैं और बाकी कार्यकर्त्ता कन्फ्यूज हैं कि करें तो करें क्या, कहें तो कहें क्या। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूरी तरह विफल साबित हो चुके हैं। रामदास अठावले ने राहुल गांधी के हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर भी जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयान तथ्यहीन और निरर्थक हैं, जो केवल लोगों को गुमराह करने का प्रयास है, लेकिन लोग अब उनकी बातों पर ध्यान नहीं देते। राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए रामदास अठावले ने कहा, राहुल गांधी के पास कोई ठोस सबूत नहीं है और वे केवल झूठ फैलाकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। राहुल गांधी को सलाह देते हुए अठावले ने कहा कि अगर उनके पास वाकई सबूत हैं, तो वे सीधे कोर्ट जाएं या निर्वाचन आयोग के पास शिकायत दर्ज कराएं। चुनाव आयोग पहले भी सबूत मांग चुका है, लेकिन सबूत नहीं दिए गए। अठावले ने आगे कहा कि राहुल गांधी कभी कहते हैं वोट जोड़े गए, कभी हटाए गए। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची से नाम ऑनलाइन नहीं हटाए जा सकते। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के आरोपों पर अठावले ने व्यंग्य किया कि असली 'चोरी' कांग्रेस के संगठन में हो रही है, जहां उनके कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पीएम नरेंद्र मोदी की प्रगति पसंद नहीं आ रही। वे 'डेड इकोनॉमी' जैसे झूठे बयान देकर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि विपक्ष के नेता के रूप में राहुल फेल साबित हो चुके हैं। उनके बयान निरर्थक और तथ्यहीन हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता सिर्फ देश ही में नहीं बल्कि विदेशों में भी है।उनके नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। अठावले ने कहा, पीएम मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और स्वदेशी को बढ़ावा दे रहे हैं। विकसित भारत 2047 का सपना हम सभी को मिलकर पूरा करना है। पीएम मोदी इतना काम कर रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी बेबुनियाद आरोप लगाकर सिर्फ झूठ बोलते हैं। बिहार चुनाव में राहुल द्वारा वोट चोरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जा रहा है। वे इसी आधार पर कई यात्राएं भी निकाल रहे हैं और बीजेपी के साथ-साथ चुनाव आयोग को भी कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। अभी तक तो राहुल गांधी का हमला सिर्फ वोट चोरी तक सीमित था, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपने इस मुद्दे के साथ जेन जी समाज को भी जोड़ दिया है। उन्होंने भरोसा जताया है कि बिहार का जेन जी न सिर्फ इस मुद्दे को उठाएगा, बल्कि वही अब देश के संविधान की भी रक्षा करेगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश के युवा देश के स्टूडेंट्स, देश के जेन जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद! अब राहुल गांधी ने जैसे ही जेन जी को अपने पाले में लाने की कोशिश की, बीजेपी ने भी बिना देर किए उन पर हमला कर दिया। निशिकांत दूबे ने एक्स पर ही राहुल पर निशाना साधते हुए लिखा कि जेन जी,परिवार वाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वह नेहरू जी, इंदिरा जी, राजीव जी, सोनिया जी के बाद राहुल जी को क्यों बर्दाश्त करेगा? वह भ्रष्टाचार के खिलाफ है, आपको क्यों नहीं भगाएगा? वह बांग्लादेश में इस्लामिक राष्ट्र और नेपाल में हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता है, वह भारत को हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं बनाएगा? देश छोड़ने की तैयारी आप कर लीजिए। राहुल गांधी सोशल मीडिया पर जेन-जी से संविधान बचाने की अपील कर रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ चुनावों में जेन जी ने अपना समर्थन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को दिया है। देशभर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का डंका बज रहा है। जबकि, एनएसयूआई लगातार हार रही है। इससे साफ है कि भारत का युवा वर्ग प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को कितना पसन्द कर रहा है। राहुल अपनी ख़्याली दुनिया में जी रहे हैं। कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 5,125 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरूआत की है। उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमन्त्री ने कहा कि अब अरुणाचल देश का पावर सेंटर बनने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि जिन परियोजनाओं की शुरूआत की गई। वे डबल इंजन सरकार के दोहरे लाभ का उदाहरण हैं। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि जिन इलाकों को वह पिछड़ा कहकर छोड़ देती थी, आज उनका ही विकास हो रहा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्य हमारे लिए अष्टलक्ष्मी है। तवांग मठ से नामसाई पैगोडा तक अरुणाचल प्रदेश शांति और सद्भाव की भूमि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री बनने के बाद 70 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है, केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान इस क्षेत्र की अनदेखी की गई थी। प्रधानमन्त्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश को पिछले 10 साल में केंद्र से एक लाख करोड़ रुपये मिले, जो कांग्रेस शासन के दौरान मिले धन से 16 गुना ज्यादा हैं। मुझे पता था कि दिल्ली में बैठकर पूर्वोत्तर का विकास नहीं हो सकता, इसलिए मंत्रियों और अधिकारियों को कई बार इस क्षेत्र में भेजा। पीएम मोदी ने कहा, जिन क्षेत्रों में काम करना मुश्किल होता था, उन्हें कांग्रेस पिछड़ा कहकर भूल जाती थी। ऐसा करके कांग्रेस अपनी नाकामियों को छुपा ले जाती थी। यही कारण है कि लोगों का निरंतर पलायन हुआ। हमारी सरकार ने इस अप्रोच को बदल दिया। जिनको कांग्रेस पिछड़ा जिला कहती थी, हमने उन्हें ऐस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट बनाया और विकास को प्राथमिकता दी गयी। बॉर्डर के जिन गांवों को कांग्रेस लास्ट विलेज कहती थी, उन्हें हमने फर्स्ट विलेज कहा। उन गांवों में विकास की नयी रफ्तार है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'सोच' 'चाह' 'तमन्ना' 'जरूरत'

सभी की सोच अपनी है, सभी की चाह अपनी है,
सभी की चाह पूरी हो यहाँ ऐसा नहीं होता।
तमन्ना तो नहीं लेकिन जरूरत पूरी होती है,
यहाँ जो सोचते हैं हम, सदा वैसा नहीं होता।

## कैकेई ने मांगे वरदान, भरत को राजगद्दी और राम को वनवास

जानसठ, 22 सितम्बर (बु.)। कस्बे की प्राचीन रामलीला में शनिवार की रात मंथरा कैकेई संवाद, कैकेई दशरथ संवाद, लीला का सुंदर मंचन दिखाया गया। रविवार की दोपहर वनवास यात्रा निकाली गई, जिसमें श्री राम-लक्ष्मण और सीता के साथ सैकड़ों नगरवासियों ने यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। राम वनगमन की लीला देख श्रद्धालु भावविभोर हो गये। शनिवार की रात्रि जानसठ में ऐतिहासिक श्री प्राचीन रामलीला में कैकेई के वरदान मांगने की लीला का आयोजन हुआ, जिसमें राम कौशल्या संवाद, दशरथ कैकेई संवाद और राम वन गमन दर्शाया गया। दर्शक भाव-विभोर हो उठे। स्थानीय कलाकारों ने लीला प्रस्तुत की। राम सीता संवाद, लक्ष्मण सुमित्रा संवाद, राम वन गमन, तमसा निवास, श्रृंगवेरपुर निवास की लीला कलाकारों ने प्रस्तुत की। लीला देख दर्शक भाव-विभोर हो उठे। इसके बाद अगले दिन रविवार की दोपहर प्राचीन रामलीला भवन से श्री राम लक्ष्मण-सीता सहित वनवास यात्रा प्रारंभ करते हैं। लीला के दौरान श्रीराम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के वन जाने पर पूरी अयोध्या राम वियोग में डूब गई। मुनि वेष में श्रीराम जानकी और लक्ष्मण भारी संख्या में वन जा रहे अयोध्यावासियों को नदी किनारे सोता छोड़ दबे पांव श्रृंगवेरपुर चले गए। वनवास यात्रा की जानकारी देते हुए ठाकुर प्रदीप राणा ने बताया कि कस्बे में वनवास यात्रा की शुरुआत प्राचीन रामलीला भवन से होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए महादेव मंदिर स्थित तालाब पर पहुंचकर समाप्त की गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष निशांत कांबोज, उमाशंकर शर्मा, सोनी गुर्जर, अमित शर्मा, प्रमोद कुमार, संरक्षक गोपाल सैनी, वेद प्रकाश सैनी, निर्देशक राम अवतार शर्मा, महन्त रतन सिंह राजपूत, आशीष भारद्वाज, बलराज सैनी, ठाकुर प्रदीप राणा, विकास धनगर लेखपाल, अमरजीत सैनी, सुमित, श्यामबाबू, अनिल, ज्ञानचंद सैनी, अशोक राजपूत, रचित, वीपी सिंह, लवी सैनी, यशदीप शर्मा, शालू वालिया आदि लोग मौजूद रहे।



# मनु शतरूपा एवं सीता जन्म की सुंदर लीला का हुआ मंचन

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। श्री रामलीला कमेटी नई मंडी के तत्वावधान में बीती रात्रि श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वां श्री रामलीला महोत्सव में दूसरे दिन श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि मयंक बंसल सर्राफ सपत्नी द्वारा भगवान विष्णु एवं ब्रह्मा जी की आरती व दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि मयंक बंसल ने कहा कि इस नई मंडी रामलीला का बहुत पुराना इतिहास है तथा इतना भव्य मंच जनपद में कहीं भी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सबको मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग ने अपनी पूरी कमेटी के साथ इस बीच अतिथियों का पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मथुरा से यहां आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा श्री रामलीला का भव्य मंचन किया गया। दूसरे दिन की लीला में मनु शतरूपा ने भगवान विष्णु की तपस्या कर उनके जैसे पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगा, तत्पश्चात रावण कुंभकरण और विभीषण ने ब्रह्मा जी से वरदान माँगा। रावण ने वरदान मांगा कि मैं मनुष्य और वानर के हाथों मारा जाऊं। वहीं कुंभकरण ने निद्रासन मांगा जिसमें 6 माह जागना व 6 माह सोना तथा विभीषण ने भगवान की भक्ति मांगी। ब्रह्मा जी ने तीनों को वरदान दिया। उसके बाद सीता जी का जन्म हुआ तथा बधाइयां गाई गई।

श्री रामलीला मंचन को देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंच संचालन स्वदेश कौशिक ने किया। श्री रामलीला में इस वर्ष आए रामायणी जी द्वारा अपनी शब्दावली से सभी भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मुख्य रूप से कैलाश चंद ज्ञानी, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, राकेश खंडेलवाल, विदित गुप्ता, राजेश गोयल, शरद गोयल, अभिषेक कुच्छल, संजय जिंदल काका, कुलदीप शर्मा, विवेक बंसल, डॉ. प्रदीप जैन, विशाल कालरा, विनय कुमार, आशीष गर्ग एवं राजकुमार आदि उपस्थित रहे।






# बेटियों को सरकार में मिली सुरक्षा व सम्मान: मीनाक्षी स्वरूप

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत हुआ जागरुकता कार्यक्रम ▶▶ महिलाओं को स्वावलंबी बनने को किया प्रेरित

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली में केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति 5.0 अभियान के शुभारंभ पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने मुख्य अतिथि के रूप में महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के साथ उनके सम्मान के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। जनजागरण के बूते महिलाओं को मिशन से जोड़ने पर जोर देने के साथ उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों में महिलाओं और बेटियों को सम्मानजनक सुरक्षित वातावरण भी मिला है। कार्यक्रम में सीओ मंडी राजू कुमार साव ने कहा कि पुलिस-प्रशासन महिला सुरक्षा के लिए निरंतर सतर्क है और मिशन शक्ति 5.0 के तहत ठोस कार्य योजनाएं बनाई गई हैं। थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने भी भरोसा दिलाया कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर तत्पर रहेगी। इस दौरान व्यापारी नेताओं कृष्ण गोपाल मित्तल और सुनील तायल ने आश्वासन दिया कि व्यापारी समाज भी इस अभियान में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करेगा। वहीं, युवा भाजपा नेता विकल्प जैन व आशुतोष गुप्ता ने युवाओं से इस मिशन में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन महिला सम्मान व सुरक्षा की शपथ के साथ हुआ। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि समाज में बेटियों और बहनों की गरिमा और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। कार्यक्रम में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश चन्द्र बघेल, व्यापारी नेता शलभ गुप्ता समेत महिला पुलिस अधिकारी एवं गणमान्य व्यापारी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## मुरादाबाद में प्रेमिका से शादी की सनक, युवक की हत्या, लड़की के पिता-भाई को फंसाने की साजिश, अब एनकाउंटर

मुरादाबाद, 22 सितंबर (एजेंसी)। यूपी के मुरादाबाद से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रेमिका से शादी की चाहत में एक युवक ने इतना खतरनाक प्लान बनाया, जिसे सुनकर ही हैरान हो जाएंगे। सनकी प्रेमी ने पहले एक निर्दोष युवक की हत्या कर दी। इसके बाद हत्या की साजिश में प्रेमिका के पिता और भाई को फंसाने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस की जांच में सच सामने आ गया। आखिरकार मुठभेड़ के बाद आरोपियों को दबोच लिया गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार, आरोपी मनोज का एक लड़की से प्रेम संबंध था। लड़की के पिता और भाई इस रिश्ते के खिलाफ थे। इसको लेकर मनोज ने अपनी गर्लफ्रेंड को पाने की नापाक साजिश रच डाली। मनोज ने अपने भाई मंजीत के साथ मिलकर योजना बनाई कि अगर लड़की के पिता और भाई को किसी गंभीर मामले में फंसा दिया जाए और जेल भेज दिया जाए तो उसका रास्ता साफ हो जाएगा। इसके बाद वह प्रेमिका से शादी कर सकेगा। दोनों भाइयों ने इसके लिए निर्दोष युवक योगेश को निशाना बनाया। आरोप है कि मनोज और मंजीत ने मिलकर योगेश की हत्या कर दी। हत्या के बाद चालाकी से योगेश के ही मोबाइल नंबर से डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को प्रेम संबंध के विरोध की जानकारी दी। उसने खुद को योगेश बताकर कहा कि प्रेमिका के पिता और भाई ने उसे पीटा है। इससे उसकी हालत खराब है। पुलिस ने फोन कॉल के आधार पर लड़की के पिता और भाई को नामजद किया था। जांच के दौरान जब कॉल रिकॉर्ड और आवाज का मिलान हुआ तो मामला संदिग्ध लगा। जांच में साफ हुआ कि फोन कॉल में आवाज योगेश की नहीं थी। आगे की छानबीन में पूरी सच्चाई सामने आई कि हत्या के पीछे योगेश का कोई हाथ नहीं था। इस पूरी साजिश के पीछे असली आरोपी मनोज और उसका भाई मंजीत हैं।

# लोक मंगल व लोक कल्याण के अग्रदूत हैं महाराजा अग्रसेन: मीनाक्षी स्वरूप

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। उदारता, समानता और सहयोग के आदर्शों के प्रतीक युग पुरुष, तपस्वी और महादानी महाराजा अग्रसेन की जयंती नगर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान नगर के अबूपुरा स्थित श्री कदीम अग्रवाल सभा में आयोजित हवन-पूजन में वैश्य समाज के आम-ओ-खास के साथ पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम शुभारंभ प्रातः हवन से हुआ, जिसमें वैश्य बंधुओं ने मिल कर समाज और राष्ट्र की प्रगति की मंगलकामना की। सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों और समाज के गणमान्यों के साथ में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप समेत अन्य सभी अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया गया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने महाराजा अग्रसेन जी को लोक मंगल और लोक कल्याण का अमर अग्रदूत बताते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज में समानता व भाईचारे की मिसाल कायम की। उनका दूरदर्शी एक ईंट, एक रुपया का सिद्धांत आज भी सामाजिक न्याय एवं परस्पर सहयोग और आत्मनिर्भरता की अद्वितीय प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर वैश्य समाज निर्माण की राह पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि महाराजा अग्रसेन के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके युग में थे। यदि हम उनके सिद्धांतों को जीवन में उतार लें, तो समाज में आर्थिक और सामाजिक असमानता स्वतः ही समाप्त हो सकती है। इस वर्ष महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के पावन अवसर नवरात्र के प्रथम दिन पड़ने से श्रद्धा और आस्था का उत्साह और बढ़ गया। वैश्य समाज के लोगों ने इसे विशेष पर्व के रूप में मनाते हुए नगर और प्रदेशवासियों के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान श्री कदीम अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सौरभ स्वरूप बंटी, सभा संरक्षक श्रीमोहन तायल, महामंत्री मयंक बंसल, अनिल तायल, शरद गुप्ता, जनार्दन स्वरूप, पवन बंसल, शलभ गुप्ता एड, कृष्णगोपाल मित्तल, तरूण मित्तल, दीपक मित्तल सर्राफ, डॉ. मनोज काबरा, हिमांशु गोयल सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## हर्षोल्लास के साथ मना स्व. विद्याभूषण जी का 93वां जन्मदिवस

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्व. विद्याभूषण का 93वां जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और सहारनपुर रोड स्थित राधा कृष्ण आश्रम में भोजन वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीबी गर्ग द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा हर वर्ष स्वर्गीय विद्याभूषण का जन्मदिवस इसी तरह मानते हैं। इस अवसर पर पधारे वक्ताओं ने कहा कि स्व. विद्या भूषण विकास पुरुष हमेशा याद रहेंगे। जन्मदिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, पंडित उमा दत्त शर्मा, कांग्रेस नेता नरेंद्र त्यागी, सतीश शर्मा, प्रदीप शर्मा, भाजपा नेता पूर्व शहर अध्यक्ष कांग्रेस सतीश गर्ग, अकिल राणा, सुरेंद्र सिंह, अनिल जैन, पुनीत सिंघल, गगन जैन, मोहम्मद तारिक कुरैशी, रंजन मित्तल, एडवोकेट अनिल लोहिया, डॉ. अशोक सिंघल, गौरव भूषण गर्ग, पर्व गर्ग, आरव गर्ग, सतीश कुमार शर्मा, कांग्रेस निरंजन स्वरूप, अमर महेश्वरी, नीरज कुच्छल आदि समाज से जुड़े लोग उपस्थित रहे।



## अनियमितताओं से भरी पड़ी है माधव गौशाला

बुढ़ाना, 22 सितम्बर (बु.)। ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव परासौली के जंगलों में शासन द्वारा बनाई गयी माधव गोशाला में भारी अनियमितताएं हैं। जब आप गौशाला में प्रवेश करेंगे, तो खासकर बरसात के दिनों में आप गौशाला में बिना कपड़े खराब किए जा नहीं पाओगे, क्योंकि कुल 50 मीटर तक का गौशाला के अंदर का मार्ग बिल्कुल कच्चा है जो बरसात के दिनों में तो दलदल बन जाता है। जिले के अधिकारी जब भी इस गौशाला का निरीक्षण करने आते हैं तो उनके वाहन बाहर ही खड़े हो जाते हैं और उनको पैदल ही आना पड़ता है। गौशाला की बाउंड्री टीन शेड व पीलर लगाकर तैयार की हुई है, मगर बराबर में जिला पंचायत की लगभग 18 बीघा भूमि को ठेके पर लेकर खेती करने वाला ठेकेदार खिला पठान टीन शेडों के पीलरों में फसल की सिंचाई का पानी भरकर टीन शेड गिरा देते हैं, जिसके चलते आवारा कुत्तों का झुंड, अन्य जंगली जानवर और चोर टीन शेडों के नीचे से निकलकर बड़े आराम से गौशाला के अंदर आकर गायों को अपना निशाना बनाते हैं। जिसके चलते यहां के तीनों कर्मचारियों को सोने के बजाए रात में पहरा देना पड़ता है। कर्मचारी बीमार हो जाते हैं। यहां पर तैनात तीन कर्मचारियों को लगभग 19 माह से तनख्वाह नही मिली। ये वेतन ब्लॉक से मिलता है, लेकिन अधिकारी वेतन देने को तैयार नहीं हैं। इस गौशाला के संचालक और गौरक्षक छोटा सैनी ने बताया कि एक कर्मचारी के शासन से 12 हजार रुपये प्रतिमाह तय हैं, लेकिन यहां पर तैनात किसी भी कर्मचारी को 19 महीने से वेतन नहीं मिला। ऐसे में कर्मचारी भी चिड़चिड़े हो गये हैं। उनको तनख्वाह वे खुद देकर गायों की सेवा करवा रहे हैं। तनख्वाह के लिए ब्लॉक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को कोई फिक्र नहीं। यहां पर भुस वाला कमरा जर्जर छत के चलते बरसात के दिनों में पानी से भर जाता है और सारा भुस खराब हो जाता है। जब बीमार होकर कोई गाय मर जाती हैं, तो उसके अंतिम संस्कार में खर्च होने वाले 15 सौ रुपये भी वे खुद ही दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन के आदेश थे कि जिला पंचायत की जो 18 बीघा जमीन गौशाला के इर्द-गिर्द है, वह गौशाला में प्रयोग की जा सकती है, मगर जमीन का ठेकेदार जमीन पर अपना प्रभुत्व स्थापित किए हुए है। कुल मिलाकर गौशाला में समस्याओं का अंबार है। अगर अधिकारी इस ओर ध्यान दें तो गौशाला की कायाकल्प हो सकता है।

खोया-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं 89 बी, वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर का निवासी हूँ। मैं आज दिनांक 22/09/2025 को प्रात: लगभग 10 बजे अपने घर से अपने सी.ए. जिनका ऑफिस जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर पर है, एक बैग मे पार्टनरशिप डीड तथा कुछ आवश्यक कागजात लेकर अपनी स्कूटी से जा रहा था। रास्ते में मेरा बैग कहीं गिर गया जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। मुझे डर है कि उक्त कागजात का कोई दुरूपयोग न कर ले।

विशाल सिंघल पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार
निवासी- 89 बी, वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
मो. 9412710528

### 37वें दीक्षांत समारोह में कृतिका त्यागी स्वर्ण पदक से सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के 37वे दीक्षांत समारोह में कृतिका त्यागी पुत्री कंवर सैन त्यागी एवं करुणा त्यागी निवासी कस्बा चरथावल ने बीए अंग्रजी (ऑनर्स) में उत्तर प्रदेश राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय वह अपने विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार और सभी परिवारजनों विशेषकर बॉबी त्यागी (महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी) निशा त्यागी, वंदना त्यागी, ऋषि त्यागी, उमेश त्यागी, कार्तिक त्यागी को जाता है। कृतिका त्यागी के स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर दादी सावित्री देवी, नाना गोपीनाथ त्यागी ने शुभाशीष दिये।



# कोतवाली में हुआ मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन

बुढ़ाना, 22 सितम्बर (बु.)। कोतवाली बुढ़ाना में आज सोमवार की सुबह जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर मिशन शक्ति-5.0 केन्द्र का उद्घाटन हुआ। बताया जाता है कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को प्राथमिकता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति-5.0 का शुभारम्भ बीते दिवस उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा किया गया था। इसी अभियान के क्रम में आज बुढ़ाना कोतवाली परिसर में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना कर उसका उद्घाटन भी किया गया। इस केन्द्र के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को त्वरित सहायता प्रदान करने, महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों का संज्ञान लेकर निस्तारण करने व उनके अधिकारों एवं विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूक कराने की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा मिशन शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत रोजाना जन जागरुकता कार्यक्रम, सेमिनार, काउंसलिंग, कार्यशालाएं एवं हेल्प डेस्क सेवाएं भी संचालित की जाएंगी और साथ ही मिशन शक्ति-5.0 के अन्तर्गत पुलिस का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के साथ साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना है। यहां कोतवाल सुभाष अत्री, महिला दारोगा निधि शर्मा, रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी और रिटायर्ड शिक्षिका संतोष कुमारी सहित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बुढ़ाना की छात्राओं की उपस्थिति रही।




## माता वैष्णो देवी यात्रा फिर बहाल, पंजीकरण शुरू

जम्मू, 22 सितंबर (एजेंसी)। खराब मौसम के कारण कुछ समय के लिए स्थगित माता वैष्णो देवी यात्रा बृहस्पतिवार को फिर बहाल कर दी गई और इसके लिए पंजीकरण भी शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार के साथ कल सुबह यात्रा फिर से शुरू हो गई और यह सुचारू रूप से चल रही है। इससे पहले, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण यह तीर्थयात्रा 22 दिन तक स्थगित रही थी और इसे बुधवार को बहाल किया गया। हालांकि, खराब मौसम के कारण बुधवार शाम को इसे फिर रोक दिया गया था।

# भोपा में रामलीला कमेटी ने बैंडबाजे के साथ निकाली राम बारात

भोपा, 22 सितम्बर (बु.)। युवा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को कस्बा भोपा में राम बारात निकाली गई। राम बारात का कस्बे में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया और साथ ही पुष्प वर्षा भी की। ग्रामीणों ने व्यवस्था बनाने में पूरा सहयोग किया, वहीं पुलिस की व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। युवा रामलीला कमेटी भोपा के तत्वावधान में सोमवार को कस्बे में राम बारात निकाली गई। राम बारात का शुभारंभ नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि रामलीला मंचन का पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व हैं। यह कार्य बिना सहयोग के संभव नहीं है। राम बारात में लगभग आधा दर्जन झांकियों राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, शंकर पार्वती, परशुराम, माता रानी का दरबार आदि को शामिल किया गया। राम बारात का कस्बे में जगह-जगह पर स्वागत किया गया। बारात पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा भी की और श्रीराम की झांकी की आरती की। शोभयात्रा मुख्य बाजार, मुख्य मार्ग से होती हुई पूरे कस्बे की परिक्रमा के बाद रामलीला स्थल पर संपन्न हुई। इस मौके पर युवा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिलकांत शर्मा, अमरपाल सैनी, तरुण प्रधान, कुणाल वालिया, शुभम वत्स, अंकित शर्मा, बिट्टू मास्टर, बालीराम, शंकर, अर्जुन, अंकित राठी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



### अब उत्तर प्रदेश में वाहनों पर जाति लिखवाई तो लगेगा जुर्माना

लखनऊ, 22 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस रिकॉर्ड और सार्वजनिक नोटिसों से सभी जातिगत संदर्भों को तत्काल हटाने और वाहनों पर जाति-आधारित स्टिकर लगवाने या नारे लिखवाने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाने का आदेश दिया है।

खोया-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज बोर्ड की संस्थागत इण्टरमीडिएट की मुख्य परीक्षा वर्ष- 2022, अनुक्रमांक 2225390779 का प्रमाण- पत्र-सह-अंक -पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

अभिषेक कुमार पुत्र अशोक कुमार
ग्राम-घासीपुरा, मुजफ्फरनगर

श्रद्धांजलि सभा एवं रस्मपगड़ी

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



(29.12.1965-13.09.25)

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय

श्रीमती सुनीता शर्मा जी

(धर्मपत्नी पंडित सतीश चन्द शर्मा)

का स्वर्गवास दिनांक 13-09-2025, दिन-शनिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी / शोकसभा

मंगलवार, 23 सितम्बर 2025, समय : दोपहर 2 से 3 बजे

स्थान : बारात घर, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार

पंडित सतीश चन्द शर्मा (पति)
पं. प्रियांशु शर्मा-प्रिया शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
शिवम शर्मा - सीरत शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
पं. विजय शर्मा - पूजा शर्मा (देवर-देवरानी)
प्रियंका शर्मा- अजय शर्मा (पुत्री-दामाद)
निधि शर्मा - आशीष शर्मा (पुत्री-दामाद)
संचित शर्मा, शुभ शर्मा (भतीजे)

प्रतिष्ठान:-
महादेव ज्योतिष केन्द्र
पंडित जी लहंगे वाले

निवास स्थान:- श्री राम भक्ति प्रचार सदन
387, गली नं. 12, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
9897001626
8439793700

चौदहवीं पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती डॉ. मधु सिंघल

आपकी मधुर स्मृति, आदर्श मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

-: श्रद्धानवत :-

डॉ. विकास सिंघल (पुत्र)
एवं समस्त सिंघल परिवारजन

# मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ घरों से मंदिरों तक गूंजे माता रानी के जयकारे

## ▶▶ गांधी कॉलोनी श्री वैष्णो देवी मंदिर में लगी भक्तों की भीड़ ▶▶ नदी घाट समेत अन्य मंदिरों में दिनभर बही भक्ति की रसधारा

**मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)।** सोमवार को अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि के बीच देशभर में माता रानी के गुणगान के साथ इस बार 10 दिवसीय नवरात्र महोत्सव पूजा-अर्चना के बीच शुरू हो गया। नगरीय क्षेत्र में तमाम मंदिरों से सनातन संस्कृति के मानने वाले परिवारों के घरों में हर ओर भक्ति भाव एवं धार्मिक आस्था के बीच मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गूंज सुनाई दी। इस दौरान घर परिवार की सुख समृद्धि की मंगल कामना की गई। इससे पूर्व सुबह मां के भक्तों ने स्वयं एवं विद्वान पंडितों के माध्यम से विधि विधान पूर्वक घट स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की हर ओर पूजा-अर्चना की गई। वहीं जिले में सोमवार को देवी मंदिरों के साथ घरों में भक्ति भाव के बीच घंटी, शंख-घंटे, घड़ियाल और मधुर भक्ति संगीत के बीच मां दुर्गा की पूजा-अर्चना व दर्शन को भक्तों का मंदिरों में आवागमन जारी रहा। वहीं नवरात्र के पहले दिन नवरात्रि का व्रत रखते हुए महिलाओं के साथ श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान प्रारंभ करते हुए मां दुर्गा की प्रेमभाव से आरती की।

सोमवार में मां दुर्गा के नौ रूपों की विधि विधान से पूजा-अर्चना व माता रानी के जयघोष के बीच अश्विन नवरात्र महोत्सव शुरू हो गया। इस बीच गांधी कॉलोनी के श्री वैष्णो देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में मंदिर प्रबंधकों द्वारा मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। इस दौरान मां दुर्गा के शुरू अनुष्ठान को लेकर तमाम भक्तों ने अपने घरों में मां दुर्गा के भव्य दरबार लगाने के साथ विधि विधान के साथ स्नान, रोली का तिलक, पुष्प माला अर्पण करके दीप-धूप जलाते हुए मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की। इस बीच महिलाओं ने घरों में मां की ज्योत प्रज्वलित करते हुए पंचमेवा का भोग लगाया। नवरात्र महोत्सव के चलते घरों से मंदिरों तक पूजा अर्चना के साथ तमाम श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रेम भाव से आरती की। उधर, नगर क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों में स्थित मां दुर्गा व अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ हर ओर आस्था, भक्ति के साथ जोश व उत्साह से लबालब दिखाई दी। नगर मुख्यालय के साथ ही गांव-देहात और कस्बों में भी नवरात्र के प्रथम दिन सुबह से श्रद्धालु पूजा और मां दुर्गा के दर्शन करने की खातिर मंदिरों में पहुंचे, जहां लंबी लाइनों के बीच श्रद्धालुओं ने अपनी बारी आने पर पूजा के साथ दर्शन किए। उधर, नगर के गांधी कॉलोनी स्थित श्री वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में मंदिर प्रबंधन की ओर से विशेष रूप से माता रानी के भक्तों को दर्शनों के लिए बेहतर व्यवस्था की गई। श्री मंदिर परिसर में सुबह से भक्तों ने लंबी कतारों में लग मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ दर्शन किए। मंदिर प्रांगण में भक्तों की बढ़ती भीड़ के बीच मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से विशेष रूप से व्यवस्था की गई। इसके साथ नगर मुख्यालय स्थित नई मंडी में राज रानी मंदिर भरतिया कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, साकेत, ब्रह्मपुरी, आर्यपुरी, प्रेमपुरी, कृष्णा पुरी, इंदिरा कॉलोनी, रामपुरी एवं नुमाइश कैंप समेत अन्य मंदिरों में भी हर ओर भक्ति की रसधारा मां दुर्गा के जयकारों से गुंजायमान रही। वहीं नदी रोड स्थित मंदिरों में पौराणिक सिद्धपीठ व आत्म बोध योग आश्रम में भी मां दुर्गा पूजा के साथ नवरात्र महोत्सव का विधि विधान के साथ शुरू हो गया। इस दौरान मंदिरों से घरों तक महिलाओं ने भजन कीर्तन के साथ मां दुर्गा का भक्तिभाव के साथ गुणगान किया।







### ग्रेटर नोएडा में गलत व्यवहार के चलते पति ने की पत्नी की हत्या

**ग्रेटर नोएडा 22 सितंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र रामपुर फतेहपुर गांव में किराए पर रहने वाले बुलंदशहर निवासी व्यक्ति ने अपनी पत्नी इस बात पर चाकू मारकर हत्या कर दी क्योंकि महिला का व्यवहार उसे सही नहीं लगता था। इस बात की वजह से महिला का पति उसे डांटता डपटता रहता था। शादी के आठ साल बीत जाने तक दंपति अपने दो बच्चों जिसमें एक सात साल की बेटी और और एक पांच साल के बेटे के साथ किराए के घर में रहकर खुशी खुशी जीवन यापन कर रहे थे जहां पति कामकाज के सिलसिले में ज्यादातर बाहर रहता था। इस दौरान महिला अपने बच्चों अथवा अपने घर की आर्थिक तंगी को सहारा देने के लिए खुद दादरी क्षेत्र के एक पिज्जा शॉप पर काम करने लगी, जहां काम के दौरान महिला के पिज्जा शॉप में कार्यरत अन्य कर्मचारी से बातचीत होती थी। इससे अन्य कर्मचारियों की नजदीकियां बढ़ गई जिस बात का पता महिला के पति को चलने के बाद दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। जिसकी वजह से महिला का अपने पति से व्यवहार बदल गया और पति इसके चलते अपनी मानसिक पीड़ा को बर्दाश्त नहीं कर पाया।

### नारायणपुर : 80 लाख के इनामी दो नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**नारायणपुर, 22 सितंबर (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में सोमवार को हुई मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति के दो सदस्य मारे गए हैं। मृतकों की पहचान राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी के रूप में हुई है, जिनमें से प्रत्येक पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 40 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने एक एके-47 राइफल, एक इंसास राइफल, एक बीजीएल लॉन्चर, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और माओवादी साहित्य बरामद किया गया है। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन ने बताया कि छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों की सूचना पर सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

### प्रेमी की हत्या के मामले में भाई को जेल भेजे जाने से खफा युवती ने की आत्महत्या

**सहारनपुर, 22 सितंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के चिलकाना क्षेत्र में दलित बाहुल्य गांव की एक युवती ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस निरीक्षक चिलकाना संजीव कुमार ने सोमवार को बताया कि मृतका अंकिता (18) के पिता राकेश कुमार और मां कमल लता एवं अन्य परिजन आज थाने आकर उनसे मिले थे। उनका कहना था कि उनकी बेटी ने दुखी होकर आत्महत्या की है। पुलिस ने इस परिवार के घर के सामने रहने वाले 20 वर्षीय युवक माहिल की हत्या के मामले में उनके एक बेटे अनमोल और उसके एक साथी अंश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है और उनका एक बेटा अक्षय एवं उसका एक अन्य साथी अनिल पुत्र गोपी नामजद हैं। दोनों अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट में कॉकपिट डोर खोलने की कोशिश, 9 आरोपी हिरासत में, सभी टैक्सी ड्राइवर

**वाराणसी, 22 सितंबर (एजेंसी)।** बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। उसने दरवाजे में पासकोड डालने की कोशिश भी की, लेकिन कैप्टन ने हाईजैक के डर से दरवाजा नहीं खोला। केबिन क्रू ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ के लोग भी उठकर आ गए। एयरलाइंस कर्मियों ने उन्हें फटकार लगाते हुए सीट पर बैठाया। विमान के कैप्टन ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी जानकारी दी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को बताया। विमान के वाराणसी में लैंड होते ही सीआईएसएफ ने आरोपी और उसके 8 साथियों को हिरासत में ले लिया। वाराणसी पुलिस ने बताया कि सभी बेंगलुरु के निवासी हैं। बाबतपुर चौकी में उनसे पूछताछ की जा रही है। सभी के मोबाइल और कॉल डिटेल चेक किए जा रहे हैं। लोकल पुलिस के जरिए एड्रेस वेरिफिकेशन भी कराया जा रहा है। आगे बढ़ने से पहले जान लीजिए कि कॉकपिट विमान का अगला हिस्सा होता है, जहां से पायलट विमान को कंट्रोल करता है। एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट सोमवार सुबह 8:14 बजे बेंगलुरु से वाराणसी के लिए उड़ी थी। 10:20 बजे विमान वाराणसी एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। इसके साथ ही सीआईएसएफ के जवान पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया- शुरूआती जांच में पता चला है कि एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। आरोपी हिरासत में हैं और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुरूआती पूछताछ में सामने आया है कि 9 दोस्तों का ग्रुप काशी में मंदिर दर्शन के लिए आ रहा था। इनमें मनि आर, योगेश सी, धनुष आर, श्रीमंथा एस, मणिकांता बी, शिवा कुमार एच, मंजूनाथ एम, सुदीप एनवी, हर्ष बी शामिल हैं। मनि आर ने कॉकपिट का गेट खोलने का प्रयास किया था। सभी टैक्सी ड्राइवर हैं, यह एक ट्रैवल एजेंसी की कारें चलाते हैं। सभी ने बनारस घूमने का टूर पैकेज लिया था। ये सब पहली बार फ्लाइट में सफर कर रहे थे। बाथरूम के बगल में कॉकपिट के दरवाजे का बटन था।

### पैदल चल व्यापारियों व ग्राहकों से मिले सीएम, कहा जीएसटी सुधार पर जताएं मोदी सरकार का आभार

**गोरखपुर, 22 सितंबर (एजेंसी)।** नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म (अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार) सोमवार से लागू हो गए। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में तय जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरण की शुरूआत खुद व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जनसंपर्क करके की। सीएम ने सोमवार पूर्वाह्न पदयात्रा कर झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और वहां मिले ग्राहकों से बात की, जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबारियों से आग्रह किया मोदी सरकार से उपहार स्वरूप घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठानों पर ह्यगर्व से कहो यह स्वदेशी हैह्न का पोस्टर जरूर लगाएं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर की बैठक में कर सुधारों का निर्णय लिया था। ये निर्णय सोमवार से प्रभावी हो गए। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों एक समीक्षा बैठक में 22 सितंबर से 29 सितंबर तक ह्यजीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान का पहला चरण शुरू करने का निर्णय लिया था। इसका शुभारंभ सोमवार को उन्होंने खुद पदयात्रा, जनसंपर्क और संवाद से किया।

## टोल मैनेजर की हत्या मामले में घेरी कलेक्ट्रेट, दिया धरना

### ▶▶ परिवार को दो करोड़ के साथ उठाई सरकारी नौकरी की मांग ▶▶ हत्या की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन


**मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)।** नेशनल हाईवे-58 पर स्थित छपार टोल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर अरविंद पांडे का बीते दिवस अपहरण करने के बाद हुई उनकी नृशंस हत्या का मामला गरमाता जा रहा है। सोमवार को इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में सैकड़ों लोगों ने धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में समिति ने मृतक के परिजनों को 2 करोड़ रुपये का मुआवजा व सरकारी नौकरी देने के साथ ही पांच प्रमुख मांगें रखी। मांगेराम त्यागी ने इस बीच डिप्टी मैनेजर की हत्या का जिम्मेदार टोल प्लाजा के ठेकेदार रालोद नेता बुढ़ाना के पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक को ठहराते हुए शासन-प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

बता दें, 18 सितम्बर की देर रात्रि छपार टोल के दो कर्मियों शुभम चौधरी और शिव मलिक ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर टोल के डिप्टी मैनेजर अरविंद पांडे का उनके कमरे से अपहरण करने के बाद हत्या की और शव को मेरठ क्षेत्र में फेंक दिया था। इसे लेकर पुलिस पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। इसी प्रकरण में कलेक्ट्रेट परिसर में धरने के दौरान समिति अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने आरोप लगाते हुए कहा कि रालोद नेता पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने टोल पर चल रही अनियमितताओं को उजागर करने से बचाने का दबाव बनाया और फिर उन्होंने ही अपने प्रभाव वाले क्षेत्र के सजातीय कर्मियों को शह देकर ही अरविंद पांडे की हत्या की साजिश रची।

राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने समाज के लोगों के साथ डीएम उमेश मिश्रा के कार्यालय में वार्ता भी की। उनको मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि अपहरण के बाद घायल मैनेजर के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे ठेकेदार विनोद मलिक ने पुलिस के समक्ष ही मृतक का शव मिलने से पहले ही हत्या की पुष्टि जैसे शब्द कहे, जो गहरी साजिश की ओर इशारा करता है। शव मिलने के बाद विनोद मलिक पोस्टमार्टम हाउस तक भी नहीं पहुंचे और पीड़ित परिवार से दूरी बनाए रखी। उल्टे अपने क्षेत्र से भीड़ जुटाकर दबाव बनाने और माहौल खराब करने के लिए टोल पर पहुंचकर कर्मियों के समक्ष शक्ति प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि मृतक परिवार की ओर से पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है, जो तथ्य खुद में संदिग्ध है। वहीं साफ छवि वाले कर्मचारियों को हटाकर केवल दबंग प्रवृत्ति के लोगों को नियुक्त करना एक आपराधिक नेटवर्क तैयार करने की सोची-समझी रणनीति प्रतीत होती है। समिति ने मृतक अरविंद पांडे के परिवार को 2 करोड़ रुपये मुआवजा, परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी, हत्या की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों को संरक्षण देने वालों सहित कठोर दंडित करने, विनोद मलिक एवं उसकी मैन पॉवर कम्पनी को ब्लैकलिस्ट कर सेवा समाप्त करने और पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। इस दौरान मुख्य रूप से अखिल वत्स, डॉ. शैलेन्द्र गौतम, सुबोध शर्मा, सुभाष गौतम, प्रमोद शर्मा, संजीव शर्मा, अखिलेश शर्मा, मांगेराम शर्मा, अमन शर्मा, अंकित शर्मा आदि मौजूद रहे।



# बालाजी धाम मंदिर में शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ









**मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)।** श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को एकादश कुण्डीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ आस्था एवं भक्ति भाव के धार्मिक संगम के बीच बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस आयोजन के शुभारंभ से पूर्व मंदिर प्रांगण से सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर दिखाई दिया।

नई मंडी भरतिया कॉलोनी में स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। इस बीच कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्पवर्षा व जयघोष के साथ किया गया। मंदिर समिति ने आए अतिथियों एवं भक्तजनों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। आस्था के साथ-साथ ऐसे महायज्ञ हमें हमारी सनातन संस्कृति व परंपरा से बच्चों को और युवा पीढ़ी को जोड़ते हैं। श्री बालाजी धाम मंदिर की इस भव्य कलश यात्रा ने नगर में धार्मिक सौहार्द का अद्भुत संदेश दिया है। उन्होंने ईश्वर से सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा में बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल, राकेश बिंदल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, सोम प्रकाश कुच्छल, हरिशंकर तायल, कुलदीप कुमार, विनोद राठी, रजत राठी, रजत गोयल, नितिन संगल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## पाकिस्तान एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर बमबारी की, महिलाओं-बच्चों समेत 30 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, 22 सितंबर (एजेंसी)।** पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार 24 लोगों के मारे जाने की बात कही है। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे। इलाके के लोगों का कहना है कि सरकार और सेना पुख्ता जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने इस घटना की तुरंत और निष्पक्ष जांच की मांग की है। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने अपने बयान में कहा- सरकार का काम है कि वह हर नागरिक की जान की रक्षा करे, लेकिन वह ऐसा करने में बार-बार नाकाम रही है। डॉन न्यूज ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि जेट विमानों ने चार घरों पर हमला किया, जो पूरी तरह से तबाह हो गए। हालांकि, यह साफ नहीं है कि यह हमला किसने किया। खैबर के सांसद मोहम्मद इकबाल खान अफरीदी ने कहा कि जेट्स की बमबारी में नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने लोगों से घटनास्थल पर जाकर विरोध करने को कहा। पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान खारिज करता रहा है। अफगानिस्तान में 2021 के तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान मजबूत हुआ है। टीटीपी ने नवंबर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं।



### किसान विरोधी है केंद्र सरकार : राकेश टिकैत

**फिरोजाबाद 22 सितंबर (वार्ता)** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को आरोप लगाया कि किसान विरोधी केंद्र सरकार हिंदुत्व के नाम पर सत्ता में आई थी लेकिन फिर भी देश में धर्मांतरण का खेल जारी है। भाकियू टिकैत के प्रवक्ता राकेश टिकैत जिले के गांव ढोलपुरा मे आईटीबीपी के शहीद जवान राम नरेश यादव के परिजनों के बीच संवेदना व्यक्त करने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर राकेश टिकैत ने शहीद रामनरेश यादव क संवेदना व्यक्त करते हुए गांव वालों से कहा कि शहीद की स्मृति में गांव में एक लाइब्रेरी का निर्माण होना चाहिए। इससे आगे आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान को याद रख सके। मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। किसान खाद के लिए परेशान घूम रहा है, फसल बर्बाद हो रही है,किसानों को उनकी फसल का मूल्य नहीं मिलने से किसान कर्जदार हो रहा है और आत्महत्या करने को मजबूर है।आंदोलन और प्रदर्शन के दौरान राष्ट्र विरोधी नारे लगाए जाने पर इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार को कड़े कानून के तहत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो सरकार हिंदुत्व के नाम पर सत्ता में आई थी, उसकी उदासीनता के चलते आदिवासी क्षेत्रों में वड़े स्तर पर धर्मान्तरण का कार्य चल रहा है सरकार को ही देखना चाहिए।

# रावण ने वरदान पाकर जीती लंका, इन्द्र पर पाई बल से विजय

## ▶▶ रावण-जानकी जन्म के साथ हुआ रावण विवाह लीला मंचन

**मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)।** श्री आदर्श रामलीला भवन समिति पटेल नगर में आयोजित 50वें स्वर्ण जयंती श्री रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन रावण व जानकी जन्म के साथ ही रावण विवाह और लंका विजय लीला का स्थानीय कलाकारों ने सुन्दर और मनोहर मंचन किया। लीला के दौरान कैलाश गमन के दौरान भगवान शिव द्वारा लंकापति रावण के अभिमान का दमन किए जाने के बाद रावण भगवान शंकर का अनन्य भक्त बन गया। देर रात्रि तक यहां दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

श्री आदर्श रामलीला भवन समिति पटेलनगर मैदान में श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित रामलीला के सुन्दर मंचन के दूसरे दिन की लीला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश रेशू, प्रवीण गुप्ता दूधली व प्रेमप्रकाश अरोरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया। श्री गणेश वंदना, श्री रामायण जी और ठाकुर जी की आरती के पश्चात रावण की तपस्या और उनको मिले वरदान की लीला का कलाकारों ने सुन्दर मंचन किया। भगवान ब्रह्मा द्वारा रावण, कुंभकर्ण और विभीषण को सुमेरु पर्वत पर की जा रही तपस्या से प्रसन्न हो वरदान दिए। उधर, अपनी पुत्री मंदोदरी के लिए उचित वर नहीं मिलने के कारण मय राष्ट्र के राजा मय दानव भटकते नजर आते हैं, ज्योतिष की भविष्यवाणी उनको सुमेरू पर्वत की ओर ले जाती है, जहां वरदान पाकर भाइयों विभीषण और कुंभकर्ण के साथ महल की ओर लौटते रावण मय राष्ट्र की राजकुमारी मंदोदरी को देखकर मोहित हो गए और उसके साथ मंदोदरी का विवाह संपन्न होने की लीला का मंचन किया गया। सत्ता के लिए युद्ध पर निकलने पर सबसे पहले रावण ने लंका पर विजय प्राप्त कर राज्याभिषेक होता है। लंका में मंदोदरी रावण के दो पुत्रों को जन्म देती है। रावण के दरबार में नृत्यांगना झूमती हैं, तो दर्शक भी इस लीला का भरपूर आनंद लेते हैं। इसके पश्चात वेदवती संवाद, भगवान इन्द्र और मेघनाथ के बीच युद्ध लीला का मंचन भी सराहनीय रहा। कैलाश गमन के बीच रावण का पुष्पक विमान रोकने पर क्रोधित रावण के अभिमान को भगवान शिव जब चकनाचूर करते हैं, तो दर्शक उत्साहित नजर आते हैं। लीला में मंचीय प्रस्तुति के दौरान रावण का सुन्दर और प्रभावशाली अभिनय नारायण ऐरन ने किया। इसके साथ जितेन्द्र नामदेव द्वारा ब्रह्मा, यश चौधरी वेदवती, देवेन्द्र पतला राजा इन्द्र, केशव मारीच, सोनू भगवान शंकर, अभिषेक मंदोदरी, जतिन कुमार विभीषण, आर्यन कुम्भकर्ण और विवेक कुमार मेघनाद के स्वरूपों में दर्शकों पर अपने कला अभिनय का प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। श्री रामलीला समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक पूर्व सभासद विकल्प जैन ने पदाधिकारियों के साथ अतिथियों को स्मृति चिन्ह और मिष्ठान देकर सम्मानित किया। इस बीच सुरेंद्र मंगल, जितेंद्र कुच्छल, प्रमोद गुप्ता, विजय मित्तल, पंकज शर्मा, गोविंद शर्मा, नारायण ऐरन, मीना ऐरन, ज्योति ऐरन, कन्दर्प ऐरन, विनय गुप्ता, पीयूष शर्मा, राकेश बंसल, अनिल गोयल, राकेश मित्तल, अंकुश गुप्ता, विपुल मोहन, अज्जू जैन, आकाश गोयल, गौरव मित्तल, पंकज वशिष्ठ, स्पर्श, यश गर्ग, कृष्णा, विशाल, उदय कौशिक, लक्ष्य, अभिषेक, जतिन गर्ग आदि सहयोगी मौजूद रहे। श्री रामायण वाचक रामपाल राठी ने श्लोक पाठ किया।



